7901(E)
14/11/2026

पथ निर्माण विभाग

दिनांक 13/11/2026 को सम्पन्न परिवाद समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमण्डल सं0–1, मुजफ्फरपुर अन्तर्गत पथ आस्तियों के अनुरक्षण हेतु दीर्घकालीन निष्पादन और उपलब्धि आधारित पथ आस्तियाँ अनुरक्षण संविदा (Long Term Output & Performance Based Road Asset Maintenance Contract) प्रणाली के तहत राज्य अन्तर्गत Package No.-04A/Muzaffarpur-01 कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद पर विभागीय पत्रांक–2217(E) दिनांक–01.04.2026, पत्रांक–2360(E) दिनांक–09.04.2026 एवं पत्रांक–5625(E) दिनांक–17.08.2026 द्वारा गठित समिति की बैठक की कार्यवाही।

उपस्थितिः

(i) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री अनिल बसाक, संयुक्त सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री राजेश कुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री आशुतोष कुमार सिह, मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–04.11.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही, जो उपभागीय ज्ञापांक–3289 दिनांक–04.11.2026 द्वारा संसूचित है, में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3366(अनु०) दिनांक–11.11.2026 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–11.11.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

2.1	कार्य का नाम एवं पैकेज संख्या	:	पथ आस्तियों के अनुरक्षण हेतु दीर्घकालीन निष्पादन और उपलब्धि आधारित पथ आस्तियाँ अनुरक्षण संविदा (Long Term Output & Performance Based Road Asset Maintenance Contract) प्रणाली के तहत राज्य अन्तर्गत Package No.-4A/ Muzaffarpur-01
2.2	योजना मद	:	3054
2.3	निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम	:	पथ प्रमण्डल सं0–1, मुजफ्फरपुर
2.4	प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	:	₹17648.92 लाख। विभागीय ज्ञापांक–3247(एस०) दिनांक–12.05.2026
2.5	तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	:	₹20639.38 लाख। मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक–1658(अनु०) दिनांक–27.05.2026
2.6	ECV/परिमाण विपत्र की राशि	:	₹17992.79082 लाख।
2.7	कार्य समाप्ति की अवधि	:	84 (Eighty-four) Months.
2.8	निविदा की प्रक्रिया	:	ई–टेंडरिंग (MBD)
2.9	निविदा प्राप्ति की तिथि	:	09.10.2026
2.10	प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण	:	पुनर्निविदा नहीं है।

Scanned with OKEN Scanner

3. विषयांकित पुनर्निविदा में निम्नलिखित 06 (छः) संवेदकों द्वारा भाग लिया गया :–

(1) M/s Adarsh Construction
(2) M/s Ujjain Engicon India Pvt. Ltd.
(3) M/s M.K. Gupta & Co.
(4) M/s Classic Engicon Pvt. Ltd.
(5) M/s Ram Kripal Singh Construction Pvt. Ltd.
(6) M/s Silica Infra Pvt. Ltd.

4. उपभागीय ज्ञापांक– 3289 दिनांक– 04.11.2026 द्वारा संसूचित दिनांक– 04.11.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में उक्त निविदा में कुल छः निविदाकारों में से तीन निविदाकार यथा (i) M/s M.K. Gupta & Co. (ii) M/s Classic Engicon Pvt. Ltd. एवं (iii) M/s Ram Kripal Singh Construction Pvt. Ltd. पुनर्निविदा की वांछित अर्हत्ता को पूर्ण करते हैं। अतः इन्हे तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया गया।

शेष तीन निविदाकार यथा (i) M/s Adarsh Construction को MBD के Section 3: Clause 1.2.3, Section 4E.10: FIN-4 एवं NIT की कंडिका– 39, Section 3: Clause 1.2.1 के आलोक में (ii) M/s Ujjain Engicon India Pvt. Ltd. को MBD के Section 3: Clause 1.2.3, Section 4E.10, FIN-4 एवं NIT की कंडिका– 39, Section 3: Clause 1.2.3, Section 3: Clause 1.2.1 के आलोक में एवं (iii) M/s Silica Infra Pvt. Ltd. को Section 3: Clause 1.2.3 Section 4E.10: FIN-4 एवं NIT की कंडिका– 39, Section 3: Clause 2.3.2 Section 4E.7: Form FIN-2 के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित करने का निर्णय लिया गया।

विभागीय आदेश–141–सह–पठित ज्ञापांक–5355 (S) दिनांक– 28.10.2021 के आलोक में तकनीकी बीड में सफल निविदाकारों का वित्तीय बीड खोलने का निर्णय लिया गया, बशर्ते उक्त विभागीय निदेश के अनुसार निर्धारित अवधि (दो कार्य दिवस) में इस निविदा में शामिल किसी निविदाकार का परिवाद/आपत्ति प्राप्त न हो। यदि इस निविदा में शामिल किसी निविदाकार का परिवाद/आपत्ति प्राप्त होता है, तो सक्षम स्तर से परिवाद निष्पादन के उपरांत ही तकनीकी बीड में सफल निविदाकारों का वित्तीय बीड खोलने का निदेश दिया गया।

5. उपभागीय ज्ञापांक– 3289 दिनांक– 04.11.2026 द्वारा संसूचित दिनांक– 04.11.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की निर्णय के विरूद्ध विषयांकित कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार **(i)** Ujjain Engicon India Pvt. Ltd. के पत्रांक– UEIPL/RCD/2026-27/330, दिनांक– 06.11.2026 द्वारा एवं **(ii)** M/S Adarsh Construction का पत्रांक– HO/TENDER/2026-27/261, दिनांक– 06.11.2026 **(iii)** Silca Infra Private Limited दिनांक– 07.11.2026 के द्वारा परिवाद/अभ्यावेदन/आपत्ति समर्पित किये जाने के परिप्रेक्ष्य में मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3366(अनु०) दिनांक–11.11.2026 द्वारा परिवाद पर दिनांक–11.11.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही एवं अनुशंसा समर्पित की गई है।

6. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के उक्त निर्णय के विरूद्ध तकनीकी बीड में असफल निविदाकार (i) Ujjain Engicon India Pvt. Ltd. के पत्रांक– UEIPL/RCD/2026-27/330, दिनांक– 06.11.2026 द्वारा एवं (ii) M/S Adarsh Construction का पत्रांक– HO/TENDER/2026-27/261, दिनांक– 06.11.2026 **(iii)** Silca Infra Private Limited का ईमेल द्वारा दिनांक– 07.11.2026 को आपत्ति पत्र प्राप्त हुआ है।

Scanned with OKEN Scanner

परिवाद /आपत्ति की समीक्षा :–

	परिवाद/आपत्ति	तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय/अनुशंसा	परिवाद समिति की अनुशंसा
1.	**Ujjain Engicon India Pvt. Ltd.** द्वारा दिये गये आपत्ति :– आपके प्रासंगिक पत्र जो दिनांक– 05.11.2026 को 1:08 PM में ईमेल से प्राप्त हुआ है, के माध्यम से सूचित किया गया है कि हमारी एजेंसी M/S Ujjain Engicon India Pvt. Ltd. द्वारा तकनीकी बीड के साथ पूर्व में संपादित कार्य "Widening and Strengthening from single lane to Intermediate lane with maintenance of Chhotkipatti to Ramnagar via- Kapardhika Road (Km. 11+000 to Km 21+200) including Construction of HL RCC Bridge (10 x 21.00m) with approach Road & Protection work over River Masan for the year 2018-19 under Road Division, Bettiah" से संबंधित कागजात/प्रमाण–पत्र अपलोड़ किए गए हैं। विभाग के अनुसार, उक्त कार्य की वास्तविक समाप्ति तिथि 31.12.2022 है और यह कार्य वर्त्तमान में अनुरक्षण (Maintenance) अवधि में है, जिसे MBD के Section 3: Clause 1.2.3 एवं Section 4E के तहत Existing Commitment में नहीं दर्शाने के कारण MBD के Section 3: Clause 1.2.3 (a) के तहत 'गलत सूचना/गुमराह करने वाली जानकारी' (Misleading and False Representation) माना गया है। इस संबंध में हमारी ओर से वास्तविक वस्तुस्थिति एवं स्पष्टीकरण बिंदुवार निम्नवत समर्पित है :– 1. कार्य की पूर्णता (Physical Completion): यह पूर्णतः सत्य और रिकॉर्ड के अनुसार स्थापित है कि संदर्भित कार्य दिनांक– 31.12.2022 को ही भौतिक रूप से (Physically) शत–प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। विभाग द्वारा इसके लिए कार्य समाप्ति प्रमाण–पत्र (Completion Certificate) भी निर्गत किया जा चुका है। 2. Existing Commitment की परिभाषाः निविदा दस्तावेज (MBD) के नियामों के अनुसार, 'Existing Commitment' (मौजूदा प्रतिबद्धताओं) के अन्तर्गत केवल उन्हीं कार्यों को दर्शाया जाना अनिवार्य होता है जो प्रगति पर (Ongoing/Under Execution) हों, अर्थात जिनका मूल या विस्तारित भौतिक निर्माण कार्य (Physical Construction Work) अभी बाकी हो और जो एजेंसी की वर्तमान निर्माण क्षमता (Current	निविदाकार Ujjain Engicon India Pvt. Ltd. द्वारा निविदा में पथ प्रमंडल, बेतिया अन्तर्गत Agreement No.-09/CMBD/19-20 से संबंधित प्रमाण– पत्र Upload किया गया है। CMBD के अन्तर्गत Construction work दिनांक– 31.12.2022 को पूर्ण हुआ है CMBD एकरारनामा के तहत Construction work पूर्ण के 4 वर्ष पश्चात Periodic Maintenance BC/SDBC के साथ–साथ 5 वर्ष का Maintenance work राशि का प्रावधान रहता है। उक्त Maintenance/PM की राशि यथा Existing Commitment को निविदाकार द्वारा FIN-4 में अंकित नहीं किया गया है। इस संबंध में निविदाकार द्वारा स्वीकार किया गया है कि उक्त कार्य को Existing	तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से स्पष्ट है कि निविदाकार द्वारा Maintenance work को Existing Commitment में नहीं दर्शाया गया है। MBD के Section-4:E Bidders Qualification के क्रमांक–9 के आलोक में निविदाकार को Contractually Committed सभी कार्यों को Existing Commitment में दर्शाने की बाध्यता है। अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है।

Scanned with OKEN Scanner

Construction Capacity) को प्रभावित कर रहे हों। 3. Existing Commitment का निर्गमनः हमारे द्वारा पूर्व में अनेकों बार कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बेतिया को प्रमंडलाधीन कराये जा रहे सभी कार्यों का Existing Commitment Certificate निर्गत करने का अनुरोध किया जाता रहा है जिसके अलोक में Existing Commitment Certificate निर्गत किया जाता रहा है। यदि अनुरक्षण (Maintenance Period) को Existing Commitment माना जाता है, जैसा कि निविदा समिति द्वारा उल्लिखित किया गया है, तो हमारे उक्त पत्रों के आलोक में कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बेतिया द्वारा निर्गत Existing Commitment Certificate में Widening and Strengthening from single lane to Intermediate lane with maintenance of Chhotkipatti to Ramnagar via- Kapardhika Road (Km. 11+000 to Km 21+200) including Construction of HL RCC Bridge (10 x 21.00m) with approach Road & Protection work over River Masan for the year 2018-19 under Road Division, Bettiah" को क्यों नहीं दर्शाया गया है। 4. अनुरक्षण (Maintenance Period) की स्थितिः चूंकि उक्त पथ का निर्माण कार्य 31.12.2022 को ही समाप्त हो चुका है, इसलिए वर्तमान में यह कार्य केवल Defect Liability Period (DLP)/ Routine Maintenance चरण में है। अनुरक्षण अवधि के कार्यों के लिए हमारी मुख्य निर्माण मशीनरी, तकनीकी अमला (Core Technical Staff) या वित्तीय तरलता (Working Capital) उस रूप में संलिप्त नहीं होती है जैसी प्रगतिधीन (Ongoing) परियोजनाओं में होती है। इस कारण, सामान्यतः चालू वित्तीय वर्ष के सक्रिय निर्माण भार (Existing Capital Construction Load) के आकलन (Bid Capacity Calculation) में इसे शामिल नहीं किया गया। 5. सद्भावनापूर्ण आशय (Bona-fide Intent): हमारे द्वारा निविदा में उक्त कार्य से संबंधित सभी कागजात और प्रमाण–पत्र पूर्ण पारदर्शिता के साथ उपलोड किए गए थें, जिसमें कार्य समाप्ति की वास्तविक तिथि (31.12.2022) स्पष्ट रूप से अंकित है। यदि हमारा उद्देश्य किसी भी प्रकार की जानकारी छिपाना या विभाग को गुमराह करना (Misleading/False Representation) होता, तो उक्त कार्य से संबंधित प्रमाण–पत्र निविदा में संलग्न ही नहीं किए जाते। सभी दस्तावेजों का रिकॉर्ड पर होना यह प्रमाणित करता है कि हमारे द्वारा कोई भी तथ्य छुपाया नहीं गया है। अतः' उपर्युक्त तथ्यों के आलोक में स्पष्ट है कि उक्त कार्य को Existing Commitment की तालिका में न दिखाना मात्र तकनीकी समझ का अन्तर (Perception of Clause) है, न कि कोई दुर्भावनापूर्ण या गलत बयानी (False Representation) ।	Commitment की तालिका में न दिखना मात्र तकनीकी समझ का अन्तर (Perception of clause) है न कि कोई दुर्भावनापूर्ण या गलत बयानी (False Representation) फलस्वरूप, उपर्युक्त तथ्यों के आलोक में आपत्ति अमान्य किया जा सकता है।	

Scanned with OKEN Scanner

	श्रीमान से नम्र निवेदन है कि हमारी एजेंसी के इस स्पष्टीकरण को स्वीकार करते हुए, रिकॉर्ड पर उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर उक्त कार्य के दायित्व को जोड़ते हुए हमारी Bid Capacity की पुनर्गणना करने की कृपा की जाए, ताकि हम इस प्रतिस्पर्धी निविदा प्रक्रिया में भाग ले सकें। हम विभाग को अश्वस्त करते हैं कि हमारे पास इस निविदा को सुचारू रूप से निष्पादित करने के लिए पर्याप्त वित्तीय एवं तकनीकी क्षमता उपलब्ध है। अतः तकनीकी बीड समिति से निवेदन है उपरोक्त वर्णित सभी बिन्दुओं पर गहनता से जाँच के बाद ही वित्तीय बीड खोलने की कृपा किया जाए।		
2	**M/S Adarsh Construction द्वारा दिये गये आपत्ति :—** With due respect, We M/s Adarsh Construction submit this representation against the decision of the Technical Bid Evaluation Committee declaring our bid technically non-responsive on the ground of non-disclosure of two contracts under Existing Commitments and Ongoing Works in Form FIN-4. We respectfully submit that our declaration was made bona fide on the basis of Completion Certificates issued by the competent Executive Engineers, the contractual distinction between completed construction works and subsequent maintenance obligations and the interpretation adopted during earlier technical evaluations by your department The following facts and grounds are submitted for you kind consideration. **1. Completion of both works duly certified by the competent Executive Engineers** (i) Package No. RRSMP/24-25, Siwan-2/07 under MMGSUY Under Agreement No. 03/CMBD/2025-26, the scheduled completion date of construction work was 28.04.2026, whereas the actual completion date was 20.02.2026. The Executive Engineer, Rural Works Department, Works Division Siwan-2, issued a Work Completion Certificate vide Letter No. 429 dated 04.04.2026, certifying completion of work and recording the contractor's performance as satisfactory. (i) Package No RR15RC208A, Road Division Jamui The scheduled completion date was 1803. 2022, whereas the actual completion dat 03 03 2022	निविदाकार M/s Aadarsh Construction द्वारा निविदा में पथ प्रमंडल, जमुई का एकरारनामा 09/RCPLWE/2020-21/ के Construction work दिनांक– 03.03.2022, को पूर्ण हुआ है। उक्त कार्य के पूर्ण होने के उपरांत Maintenance work का प्रावधान है। Executive Engineer, RCD, Road Division, Jamui के पत्रांक– 620, दिनांक– 09.06.2023 में अंकित है कि Maintenance work हेतु 3,11,19,113.00 राशि का प्रावधान एकरारनामा में समाहित है। कार्य प्रमंडल सीवान–02, Package No. RRSMP/24-25, Siwan-2/07 का Construction work दिनांक–	तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से स्पष्ट है कि निविदाकार द्वारा Maintenance work को Existing Commitment में नहीं दर्शाया गया है। MBD के Section-4:E Bidders Qualification के क्रमांक–9 के आलोक में निविदाकार को Contractually Committed सभी कार्यों को Existing Commitment में दर्शाने की बाध्यता है। अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है।

Scanned with OKEN Scanner

The Executive Engineer, Road Construction Department, Road Division Jamui, issued , Completion Certificate vide letter No 620 dated 09.06.2023, confirming completion of the work. Both certificates were issued before submission of the present tender and were uploaded with our technical bid. Thus, the completed status of the principal construction works was supported by official departmental certification and was not based merely upon our own declaration. 2. Contractual distinction between completed construction and subsequent maintenance obligations It is pertinent to mention that the very first page of Agreement No. 03/CMBD/2025-26 expressly specifies three separate particulars: Date of Commencement of Work: 29.04.2025 Date of Completion of Work: 28.04.2026 Work Liabilities Upto: 28.04.2032 The agreement itself, therefore, expressly distinguishes the stipulated date of completion of work from the subsequent period of contractual liabilities. Furthermore, under the RRSMP, Clause 54.1 specifically provides for issuance of a Certificate of Completion upon completion of the prescribed construction works or applicable parts thereof. Clauses 44.2(a), 44.2(b) and 46.2 further distinguish between executed construction works and subsequent Operation and Management Services. In the present case, the competent Executive Engineer has already certified the actual completion of construction work on 20.02.2026, well before the stipulated completion date of 28.04.2026. Thus, the completion of the principal construction works stands established by two independent official documents: the original agreement specifying the completion date and the Completion Certificate confirming actual completion. 3. Interpretation of Existing Commitments under Clause 1.2.3	20.02.2026 को पूर्ण हो चुका है। कार्य पूर्ण होने के पश्चात् Periodic maintenance के साथ सात वर्षों का maintenance work हेतु राशि का प्रावधान है। निविदा में Uploaded Executive Engineer, RWD, Work Division Siwan-2 से निर्गत पत्रांक– 429 दिनांक– 04.04.2026 में अंकित है – (a) "For surface Renewal work- 5,74,93,153.00 एवं (b) For Maintenance work - 4,63,71,866.00 उपर्युक्त कार्यों के maintenance work की राशि यथा Existing Commitment को निविदाकार द्वारा Fin-4 में अंकित नहीं किया गया है। निविदाकार द्वारा अंकित है कि "Our Clarification was based upon the officially certified completion of the principal construction work and a bona-fide interpretation of the applicable	

Scanned with OKEN Scanner

	Section 3, Clause 1.2.3 of the OPRMC-III Model Bidding Document prescribes assessment of Available Bid Capacity after deducting the value of Existing Commitments and Ongoing Works to be completed during the next 84 months. Our declaration based upon the reasonable understanding that the certified completed construction works should not be classified as ongoing construction merely because subsequent maintenance obligations continue. 4. Absence of a quantified finding of insufficient Bid Capacity The Technical Bid Evaluation Committee's proceedings record that, on account of the disputed non-inclusion of the aforesaid contracts in Form FIN 4, the calculation of Existing Commitments and Available Bid Capacity was not undertaken. However, the proceedings do not contain any quantified finding establishing that our Available Bid Capacity falls below the prescribed requirement. Our submitted bid-capacity working reflects substantial available capacity in Comparison with the estimated value of the present package. We respectfully submit that the proper classification of the disputed contracts, the materiality of the alleged omission deserve examination before sustaining the adverse technical decision. We accordingly request that the Committee consider whether the disputed classification materially affects our qualification and whether the matter can be clarified on the basis of the original bid records and supporting documents, without any impermissible modification of the bid. Even if the entire amount of the remaining Maintenance Obligations of both packages is considered as Balance Work for the purpose of calculating Bid Capacity, our company still fulfils the prescribed eligibility criteria. 5. Previous technical qualification under substantially similar declarations It is respectfully submitted that our firm was previously declared technically qualified in an OPRMC technical evaluation communicated vide Letter No. 6480(E), 6481 (E), 6492 (E), dated 14.09.2026 & 6063 (E) Dated- 01.09.2026. by your department, on the basis of substantially similar	contractual provision" फलस्वरूप उपर्युक्त तथ्यों के आलोक में आपत्ति अमान्य किया जा सकता है।	

Scanned with OKEN Scanner

	documents and declarations. Further, our firm has also been declared technically qualified in several other packages under RCD North and South, including the following: Package No. 43B – Patna Package No. 24A & 24B - Siwan Package No. 23A - Gopalganj Package No. 25A & 25B - Chapra Package No. 4B & 4C- Muzaffarpur Package No. 08A - Madhubani The above instances clearly establish that substantially similar documents and declarations submitted by our firm have been accepted during technical evaluation in other packages of the department. The earlier technical evaluation is relevant in demonstrating the bona fide and consistent interpretation adopted by our firm. We therefore request that the earlier departmental evaluation records be taken into consideration while reviewing the present decision. 6. Bona fide declaration and absence of deliberate concealment We respectfully reiterate that there has been no deliberate suppression, concealment or misrepresentation by our firm. The relevant Completion Certificates were issued by competent government authorities and were uploaded with our technical bid. Our classification was based upon the officially certified completion of the principal Construction works and a bona fide interpretation of the applicable contractual provisions. We respectfully request that our explanation be considered on its merits, particularly in view of the official certificates already forming part of our submitted bid. Prayer In view of the above facts and submissions. we most respectfully request your good office to: (i) Reconsider the decision declaring M/s Adarsh Construction technically non-responsive under Package No.- 04A/OPRMC-II, Muzaffarpur. (ii) Give due recognition to the Completion Certificates issued by the competent Executive Engineers and distinguish certified completed construction works from subsequent maintenance obligations. (iii) Consider the previous departmental technical qualification records and the bona fide nature of our decla ration. (iv) Pass a reasoned decision on this representation and upon finding compliance with tne prescribed tender requirements and declare M/s Adarsh Construction technically responsive/qualified and permit in the		

Scanned with OKEN Scanner

	subsequent tender process. We respectfully submit that our firm has acted in good faith on the strength of official departmental certification and the contractual provisions governing completion of construction works. We sincerely request your kind consideration of the above facts and documents and an objective and reasoned reconsideration of the technical evaluation decision.		
3.	**Silica Infra Private Limited द्वारा दिये गये आपत्ति :–** कार्य " पैकेज /27C/OPRMC-III)/ वैशाली पथ प्रमण्डल, हाजीपुर के अंतर्गत दीर्घकालिक आउटपुट एवं प्रदर्शन आधारित सड़क परिसंपति अनुरक्षण अनुबंध (OPRMC-III) कार्य" की पुनर्निविदा (re-tender) के संबंध में दिनांक–04.11.2026 को प्रकाशित तकनीकी निविदा मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही के संदर्भ में हम उन आधारों के संबंध में अपने बिंदुवार स्पष्टीकरण एवं तथ्य सादर प्रस्तुत करते है, जिन पर हमारी निविदा को अयोग्य (Non-responsive) घोषित किया गया है। 1. वार्षिक टर्नओवर में विसंगति के संबंध में स्पष्टीकरण (प्रपत्र FIN-2) लाख एवं हानि विवरण (Statement of Profit & Loss) तथा प्रपत्र FIN-2 के बीच देखी गई विसंगति को निम्नानुसार स्पष्ट किया जाता है। • लाभ एवं हानि विवरण पत्रक कंपनी के सभी व्यवसायिक संचालनों (जिसमें निर्माण, व्यापार और अन्य क्षेत्र शामिल है) से प्राप्त कुल राजस्व को दर्शाता है। • प्रपत्र FIN-2 में, मॉडल बिडिंग दस्तावेज (MBD) के दिशानिर्देशों के अनुसार, हमने केवल वार्षिक निर्माण एवं अनुरक्षण टर्नओवर (Annual Construction & Maintenance Turnoveer) की रिपोर्ट दी है, जिसकी गणना पूरी तरह से चालू या पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों के लिए प्राप्त कुल प्रमाणित भुगतानों के आधार पर की गई है। • तथ्यः इसकी पुष्टि के लिए, कुल राजस्व और निर्माण/अनुरक्षण टर्नओवर के बीच स्पष्ट मदवार विभाजन (Itemized Bifurcation) दर्शाने वाला चार्टर्ड अकाउंटेंट (CA) प्रमाण पत्र आपके संदर्भ एवं अभिलेख हेतु इसके साथ संलग्न है। 2. चालू प्रतिबद्धाताओं (Ongoing Commitments) एवं निविदा क्षमता (Bid Capacity) में परियोजना " NH-107, पैकेज–II को शामिल न करने के संबंध में स्पष्टीकरण चालू कार्यों की मौजूदा प्रतिबद्धताओं के अंतर्गत "महेशखूंट–सहरसा–पूर्णिया NH-107 का पुनर्वास एवं उन्नयन, पैकेजों –II " को सूचीबद्ध न करने के संबंध में : • सब–कॉन्ट्रैक्टर की स्थितिः मेसर्स सिलिका इंफ्रा प्राईवेट लिमिटेड को यह कार्य मुख्य संवेदक, मेसर्स गैमन इंजीनियर्स एवं	निविदाकार Silica Infra Pvt. Ltd. द्वारा Annual Construction and turnover की राशि CA द्वारा निर्गत (UDIN से सत्यापित) Upload किया गया है। उक्त राशि वार्षिक Audit Report से मेल नहीं खाता है। निविदाकार का कथन है कि Audit Report में निर्माण, व्यापार, अन्य क्षेत्र शामिल है। इसकी पुष्टि के लिए itemized bifurcation दर्शाने वाला CA का प्रमाण पत्र निविदा के साथ संलग्न नहीं किया गया है। फलस्वरूप आपत्ति अमान्य किया जा सकता है। Existing Commitment यथा Fin-4 में निविदाकार द्वारा महेशखुंट–सहरसा–पूर्णिया NH-107 के Package को नहीं दर्शाया गया है।	तकनीकी वीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत।

Scanned with OKEN Scanner

	कॉन्ट्रैक्टर्स प्रा0लि0 द्वारा सब कॉन्ट्रक्टर के रूप में आवंटित किया गया था। परिणामस्वरूप, इस परियोजना के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI प्रधान नियोक्ता) और सिलिका इंफ्रा प्राईवेट लिमिटेड के बीच कोई प्रत्यक्ष संविदात्मक संबंध या आधिकारिक जुडाव नही है। • एन0आईटी0 की अनिवार्यता (क्रमांक–30) एम0बी0डी0 (MBD) की निविदा आमंत्रण सूचना (NIT) का क्रमांक 30 स्पष्ट रूप से अनिवार्य करता है: • " All Bidders have to submit their existing commitment of ongoing works duly issued by engineer-in-charge along with all bidding documents. Otherwise, bid shall be considered/declored as non-responsie & invalid " • प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने में असमर्थता: एक सब–कॉन्ट्रक्टर होने के नाते, हम सीधे प्रधान प्रभारी अभियंता (NHAI) द्वारा जारी आधिकारिक प्रमाण पत्र प्राप्त या प्रस्तुत नहीं कर सके। • तथ्य: प्रधान प्रभारी अभियंता के अनिवार्य प्रमाण पत्र के बिना परियोजना को प्रस्तुत करने से एन0आई0टी के क्रमांक 30 के तहत हमारी निविदा निविदा अमान्य हो जाती। चालू प्रतिबद्धताओं की सूची से बाहर रखा गया और परिणामस्वरूप निविदा क्षमता की गणना से भी बाहर रखा गया। उपरोक्त तथ्यों, एम0बी0डी0 के प्रावधनों और इसके साथ संलग्न सहायक दस्तावेजों के आलोक में, हम आपके कार्यालय और तकनीकी मूल्यांकन समिति से अनुरोध करते है कि हमारी तकनीकी निविदा पर पुनर्विचार करते हुए इसे योग्य (Responsive) घोषित करें और हमारी वित्तीय निविदा खोलने की अनुमति प्रदान करें। हम आपको अपने पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते है और किसी भी अन्य आवश्यक दस्तावेज या स्पष्टीकरण को प्रस्तुत करने के लिए सदैव उपलब्ध है।	इनका कथन है कि उक्त कार्य उन्हे Sub-Contract के तहत आवंटित किया गया था। इस कार्य के Employer NHAI होने के कारण आवंटित कार्य को संबंधित PIU से निर्गत कराकर upload करना निविदाकार की जिम्मेदारी है। इसकी स्वीकारोक्ति उनके द्वारा की गई है कि मेरे द्वारा प्रमाण–पत्र प्रस्तुत नहीं किया जा सका। Sub contract के तहत आवंटित राशि नहीं दर्शाने के फलस्वरूप Existing Commitment की राशि स्पष्ट नहीं होने के फलस्वरूप Bid Capacity की गणना भी नहीं की जा सकी। उपरोक्त तथ्यों के आलोक में परिवाद का बिन्दु अमान्य किया जा सकता है।	

7. परिवाद की समीक्षा एवं तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः–

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षोपरांत एवं सम्यक विचारोपरान्त निविदाकार, **(i)** Ujjain Engicon India Pvt. Ltd. के पत्रांक– UEIPL/2026-27/330, दिनांक– 06.11.2026 द्वारा एवं **(ii)** M/S Adarsh Construction का पत्रांक-- HO/TENDER/2026-27/261, दिनांक– 06.11.2026 **(iii)** Silica Infra Private Limited का ईमेल द्वारा दिनांक– 07.11.2026 द्वारा दिए गए आपत्ति को उपरोक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में अमान्य करते हुए उपभागीय ज्ञापांक– 3289 दिनांक– 04.11.2026 द्वारा संसूचित दिनांक– 04.11.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में लिये गये सफल/असफल के निर्णय को यथावत रखा जा सकता है।

Scanned with OKEN Scanner

8. परिवाद समिति का निर्णय :–

(i) विषयांकित कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा (1) Ujjain Engicon India Pvt. Ltd. के पत्रांक– UEIPL/RCD//2026-27/330, दिनांक– 06.11.2026 (2) M/S Adarsh Construction के पत्रांक– HO/TENDER/2026-27/261, दिनांक– 06.11.2026 एवं (3) Silica Infra Private Limited के द्वारा दिए गए परिवाद/आपत्ति को अमान्य करने का निर्णय लिया जाता है।

(ii) 03 (तीन) निविदाकार यथा (1) M/s Adarsh Construction को MBD के Section 3: Clause 1.2.3, Section 4E.10: FIN-4 एवं NIT की कंडिका– 39, Section 3: Clause 1.2.1 के आलोक में (2) M/s Ujjain Engicon India Pvt. Ltd. को MBD के Section 3: Clause 1.2.3, Section 4E.10, FIN-4 एवं NIT की कंडिका– 39, Section 3: Clause 1.2.1 के आलोक में एवं (3) M/s Silica Infra Pvt. Ltd. को Section 3: Clause 1.2.3 Section 4E.10: FIN-4 एवं NIT की कंडिका– 39, Section-3: Clause 2.3.2, Section 4E.7: Form FIN-2 के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता हैं।

(iii) 03 (तीन) यथा (1) M/s M.K. Gupta & Co. (2) M/s Classic Engicon Pvt. Ltd. एवं (3) M/s Ram Kripal Singh Construction Pvt. Ltd. को तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है। तकनीकी बीड में सफल निविदाकारों का वित्तीय बीड खोलने का निदेश मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दिया जाता है।

(iv) उपभागीय ज्ञापांक–3289 दिनांक–04.11.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–04.11.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को यथावत् रखा जाय।

(v) मुख्य अभियंता, उत्तर संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

8.1 परिवाद समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

13.11.2026	13/11/26	13/11/26	13/11/26
(आशुतोष कुमार सिंह) मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।	(राजेश कुमार गुप्ता) मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।	(अनिल बचाक) संयुक्त सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।	(उमा कान्त रजक) अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक: प्र0–7/निविदा–03–154/2026 7901 (e) पटना, दिनांक 14/11/2026

प्रतिलिपि:– मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13/11/26

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।

Scanned with OKEN Scanner